# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

**दिनांक : 08.09.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने आश्वासन दिया है कि राज्य में यूरिया की कोई कमी नहीं है और उर्वरकों की कालाबाज़ारी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। आज विधानसभा में एक तारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मीणा ने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों को सिर्फ़ उन्हीं चीज़ों की आपूर्ति करें जिनकी उन्हें ज़रूरत है, और अनावश्यक वस्तुओं की 'टैगिंग' करने वाले दुकानदारों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उर्वरकों को प्राथमिकता के आधार पर केवीएसएस और एफपीओ भेजा जा रहा है। इसके अलावा, नकली खाद और बीज बेचने वाली कंपनियों के ख़िलाफ़ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। श्री मीणा ने सदन को सूचित किया कि हाल ही में 117 औचक निरीक्षण किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस दौरान 400 से अधिक नमूने लिए गए, 127 फर्मों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, और कुछ प्रमुख फर्मों के लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं।

0000

प्रदेश में भारी बारिश से प्रभावित हुए लोगों को राहत पहुँचाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज एक उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक मुख्यमंत्री कार्यालय में होगी, जिसमें सभी ज़िला प्रभारी मंत्री और ज़िला प्रभारी सचिव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने पिछले तीन दिनों में सभी मंत्रियों और सचिवों को उनके ज़िलों का दौरा करने के निर्देश दिए थे। इन दौरों के दौरान, उन्होंने बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया। आज की बैठक में, सभी प्रभारी मंत्री और सचिव अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने पेश करेंगे। इस रिपोर्ट के आधार पर, प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने और नुकसान की भरपाई के लिए आगे की कार्ययोजना तय की जाएगी। बारिश से प्रभावित इलाकों में राज्य सरकार की ओर से चिकित्सा सेवाएँ और टूटी हुई सड़कों और पुलों की मरम्मत का काम तेज़ी से किया जा रहा है। इसके साथ ही, किसानों की फसलों को हुए नुकसान का भी जल्द से जल्द आकलन किया जा रहा है।

0000

राजस्थान के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान सिरोही जिले में अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि जालोर और बाड़मेर में भी कुछ स्थानों पर अतिभारी वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के अनुसार, माउंट आबू में सबसे अधिक 25 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश को देखते हुए आज, राज्य के 10 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने यह भी बताया है कि कल से भारी बारिश का दौर थमने की संभावना है। बारिश के कारण उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा जिले में आज स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। बारिश से कई जगहों पर हादसे भी हुए हैं। उदयपुर के झाड़ोल–ईडर राष्ट्रीय राजमार्ग–58 पर भूस्खलन के कारण रास्ता बंद हो गया। यहां बड़े–बड़े पत्थर गिरने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, हालांकि अब छोटे वाहनों के लिए रास्ता आंशिक रूप से खोला गया है। इसी तरह, सिरोही के माउंट आबू में भी सड़क का 100 फीट हिस्सा धंस गया। पाली में गणपति विसर्जन के दौरान बांडी नदी में बहने से दो युवक लापता हो गए, जबकि भीलवाड़ा में कार बह जाने से एक युवक की मौत हो गई। अजमेर के सावर उपखंड के चिकल्या और लोधा का झोपड़ा गाँव पिछले एक सप्ताह से टापू बने हुए हैं। एसडीआरएफ की टीम ने वहाँ नाव से एक गर्भवती महिला को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुँचाया। सवाई माधोपुर में चौथ का बरवाड़ा तहसील के एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का बरामदा और अन्य हिस्सा अचानक गिर गया। यह घटना स्कूल खुलने से पहले हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

00000

जयपुर जिले में 70 नवसृजित उचित मूल्य की दुकानों के लिए आज से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो रही है। कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 11 तथा कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 59 उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि आवेदन पत्र आज से 30 सितम्बर तक प्रत्येक कार्यदिवस में संबंधित कार्यालय से प्राप्त किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र भरने के बाद इन्हें 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक प्रत्येक कार्यदिवस में संबंधित कार्यालय में जमा करवाया जा सकेगा। जिला रसद अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आवेदन पत्र केवल कार्यालय जिला रसद अधिकारी से निर्धारित प्रपत्र पर छायाचित्र सहित ही स्वीकार किए जाएंगे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 28 सितम्बर को होगा। यह इस कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000